वर्ष-12 , अंक-43 प्रयागराज, रविवार 27 अक्टूबर 2024 से शनिवार 02 नवम्बर 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

12 वर्ष विश्वास के

## चतरा ब्लाक बना दलालों का अड्डा ,पीड़ित परेशान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** जिले के चतरा ब्लाक में बैठे अपने को कृषि विभाग का प्रभारी अधिकारी बताने वाले बता रहे हैं कि सरकार द्वारा किसानों को रबी की फसल की बुवाई हेतु गेहूं तथा ट्राइकोडर्मा 2324 रूपए प्रति क्विंटल है लेकिन किसानों को 2500 रुपये प्रति क्विंटल दिया जा रहा है। किसानों द्वारा बताया गया कि ब्लाक का गोदाम प्राइवेट जगह रखकर रात 8 बजे तक सप्लाई किया जा रहा है। यह मामला जब किसानों द्वारा पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकान्त त्रिपाठी को बताया गया तब चतरा ब्लाक परिसर में त्रिपाठी जी के पहुंचते ही किसानों ने विभाग के खिलाफ शोर मचाना शुरू किया। जब कार्यालय के लोगों से पूछा गया तो उन्होंने सही जवाब न देते हुए गोल-मटोल बातें करने लगे। कृषि विभाग के अधिकारी संजय सिंह तीन दिन पूर्व चपईल गांव पहुंचकर परिवार कार्ड बनाने के नाम पर 100 रूपए प्रति व्यक्ति वसूल किए। इनका यह कार्य ब्लाक के गांव-गांव सूचना देकर कैम्प लगाकर किया जा रहा है। इनके द्वारा ही वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उन किसानों को भी दिया गया था जिनके नाम एक धूर भी जमीन नहीं थी। इनकी शिकायत लगातार किसानों द्वारा की जाती रही है लेकिन कई बार इनकी शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई थी जिससे इनका हौसला बुलंद होता जा रहा है। श्री त्रिपाठी का कहना है कि यदि इस अधिकारी को तत्काल निलंबित नहीं किया गया तो पूर्वांचल नव निर्माण मंच जिलाधिकारी का घेराव करेगा। इस मौके पर रालोद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उदय प्रकाश सिंह, मंच के ब्लाक अध्यक्ष मनोज चौबे, रामकुमार, राम-लखन, विदेशी पटेल, रामविलास, सतीश मौर्य, सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।



## प्रयागराज स्मार्ट सिटी में करोड़ों के घोटाले का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।** पी डी टंडन रोड महाराणा प्रताप चौराहे से लेकर धोबी घाट चौराहे तक प्रयागराज में चल रहे नाइट मार्केट के संबंध में अनवर खान नामक व्यक्ति ने स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत के यहां एक प्रार्थना पत्र दाखिल करके यह आरोप लगाया है कि उक्त नाइट मार्केट का नाइट मार्केट का संचालन कर रही फर्म मेसर्स बी एस राजपूत एवं स्मार्ट सिटी के मध्य कोई अनुबंध नहीं हुआ है ना ही टेंडर मिलने से लेकर वर्तमान तक इस नाइट मार्केट का किराया एवं जीएसटी स्मार्ट सिटी में जमा कराई गई है , यह निविदा चार करोड़ तेरासी लाख ( 48300000 ) में यह निविदा प्राप्त की गई है साथ ही यह भी पूछा गया है कि नियमानुसार कोई पार्षद नगर निगम या स्मार्ट सिटी जिसके मुखिया नगर निगम के एक ईमानदार अधिकारी नगर आयुक्त स्वयं हैं उसका ठेका नहीं ले सकता तो मेसर्स बी एस राजपूत के प्रोपराइटर पार्षद बबलू सिंह रघुवंशी को यह ठेका और साथ ही थार्नहिल रोड पर एक ठेका और चंद्रशेखर आजाद पार्क गेट नंबर एक के सामने शौचालय और अन्य शौचालय के रखरखाव का ठेका किस आधार पर दिया गया । साथ ही पी डी टंडन रोड वाले नाइट मार्केट से संबंधित अन्य बहुत सी वित्तीय एवं विभागीय गड़बड़ियों की भी जांच करने की मान की गई, जिसपर 21 अक्टूबर को अपर आयुक्त प्रशासन पुष्पराज सिंह ने स्मार्ट सिटी अपर मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी दीपेंद्र यादव को जांच करके कार्यवाही करने के उपरांत 10 दिन के अंदर आख्या देने का आदेश दिया है।



## याद रहेगी ये मुलाकात

### यूनाइटेड इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट नैनी प्रयागराज के विधार्थीयो ने आधुनिक पब्लिशंग हाउस का भ्रमण कर अखबार बनने सें लेकर छपने तक की प्रक्रिया जानी।

सुबह जब हाथ में आता है अखबार तो अक्सर बच्चों के लिए कई सवाल भी साथ लेकर आता है अखबार छपता कैसे है कितना वक्त लगता है और फिर लोगो तक पहुँचाता कैसे है



अरे हमने तो अखबार को छपते हुवे देखा हैं।

आस्था श्रिवास्तवा, अनामिका गुप्ता, अमन सिंह, अमन सिंह परिहार, आदर्श दुबे, आकाश दुबे, आदित्य कुशवाहा

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE


NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE कौशलं बलम् NAINI ALLAHABAD

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है



(वरिष्ठ आई.पी.एस.) श्री अविनाश चन्द्रा
महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity ALL TYPE PRINTING SOLUTION




# थाना पिपरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार व कब्जे से 82 किलोग्राम गौ मांस( बछड़ा ), एक चापड़ व दो चाकू बरामद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व पुत्र स्व0 गंगा प्रसाद साहनी निवासी वार्ड नं0-03 अम्बेडकर पार्क के पिछे तुर्रा थाना पिपरी सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष, 03. मोहम्मद बीर साहब अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय रवाना किया गया। **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण** 1. विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राम खेलावन




क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक पिपरी के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिपरी पुलिस द्वारा आज दिनांक 18.10.2024 को मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन तिराहा के पास से 03 नफर अभियुक्तगण 01.विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राम खेलावन निवासी वार्ड नं0- 06 शिवापार्क रेनुकूट थाना पिपरी सोनभद्र मूल पता ग्राम गणेशपुर थाना करमा सोनभद्र उम्र करीब 44 वर्ष, 02.आकाश उर्फ पिन्टू कुमार साहनी कुरैशी उर्फ सूफी अली उर्फ मोनू पुत्र स्व0 मंशूर आलम कुरैशी उर्फ आजाद मास्टर निवासी वार्ड नं0-04 दर्जी मार्केट इमाम चौक के पास रेनुकूट थाना पिपरी सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 82 किलोग्राम गौ मांस(बछड़ा), एक चापड़ व दो चाकू बरामद किया गया । उक्त के सम्बन्ध में थाना पिपरी पर मु0अ0सं0 138/24 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 4/25 आर्म्स एक्ट एवं 325,61(2), बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार निवासी वार्ड नं0- 06 शिवापार्क रेनुकूट थाना पिपरी सोनभद्र मूल पता ग्राम गणेशपुर थाना करमा सोनभद्र उम्र करीब 44 वर्ष। 2. आकाश उर्फ पिन्टू कुमार साहनी पुत्र स्व0 गंगा प्रसाद साहनी निवासी वार्ड नं0-03 अम्बेडकर पार्क के पिछे तुर्रा थाना पिपरी सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष। 3. मोहम्मद वीर साहब कुरैशी उर्फ सूफी अली उर्फ मोनू पुत्र स्व0 मंशूर आलम कुरैशी उर्फ आजाद मास्टर निवासी वार्ड नं0-04 दर्जी मार्केट इमाम चौक के पास रेनुकूट थाना पिपरी सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष।

# कैंटीन से निकले बदबूदार गंदे पानी को तत्काल बंद कराए जिला प्रशासन-राकेश शरण मिश्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** अधिवक्ता एवम समाजसेवी संयुक्त महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने एक बार पुनः सदर तहसील के पूरब तरफ स्थित कैंटीन से निकलने वाले बदबूदार गंदे पानी को बंद कराने के लिए और उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। श्री मिश्र ने उप जिलाधिकारी को लिखे पत्र में मांग किया है कि यदि आप द्वारा जल्द इस कैंटीन से निकलने वाले गंदे बदबूदार पानी को सड़क पर बहवानें जाने से रोकने पर कठोर कदम नहीं उठाया गया तो अधिवक्ता समाज को कैंटीन बंद करवाने के लिए प्रभावी कदम उठाना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन और आपकी होगी। उपजिलाधिकारी को लिखे पत्र में राकेश शरण मिश्रा ने अवगत कराया है कि इसके पूर्व भी मेरे द्वारा इस समस्या के संबंध में आपको कई बार अवगत कराया गया है परंतु बहुत ही दुख की बात है कि आप द्वारा अभी तक इस पर सार्थक और प्रभावी कदम नहीं उठाया जा सका जबकि कैंटीन के सामने से प्रतिदिन हजारों की संख्या में अधिवक्ताओं और वादकारियो का गुजरना होता है और सड़क पर बहते गंदे पानी के ऊपर से जब गाडि़यां गुजरती हैं तो गंदे पानी के छींटे से अधिवक्ताओं और वादकारियो के कपड़े खराब हो जाते हैं जो बहुत ही कष्टकारी होता है इसलिए आपसे अनुरोध है कि आप जल्द से जल्द इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए वरना अधिवक्ताओं को कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य करना पड़ेगा।

# सोनभद्र डांडिया नाइट की तैयारियां जोरों शोरों पर, 21 अक्टूबर को होगा भव्य आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** तरुण महिला केसरवानी क्लब, मारवाड़ी सोन महिला मंच, जयसवाल यूथ क्लब एवं इनर व्हील क्लब के संयुक्त



तत्वाधान में 21 अक्टूबर की शाम 6:00 बजे से नगर के होटल सवेरा में भव्य डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारियां जोरों शोरों पर चल रहीं हैं। शनिवार को आयोजन स्थल का चारों संगठन के पदाधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान तरुण महिला केसरवानी क्लब की जिलाध्यक्ष श्वेता केशरी और मारवाड़ी सोन महिला मंच की जिलाध्यक्ष प्रतिभा कनोडिया ने संयुक्त रूप से बताया कि डांडिया नाइट का भव्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के सिविल लाइन रोड पर स्थित होटल सवेरा के कंपाउंड में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें महिलाएं चनिया चोली और पुरुष कुर्ता पजामा के पारंपरिक वेशभूषा में सज धज कर डांडिया खेलते हुए नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि इसमें डांस के साथ साथ लोग विभिनन्‍प्रकार के व्यंजनों का भी लुत्फ उठा सकेंगे। वहीं जयसवाल यूथ क्लब की अध्यक्ष नीलम जायसवाल एवं इनरवेल क्लब की अध्यक्ष वंदना वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कार्यक्रम में एक साथ तीन सौ से अधिक लोग डांडिया खेलेंगे। और इस कार्यक्रम में लाइटिंगः और माउंड पर विशेष तरह का ध्यान दिया गया है साथ ही इसमें कई फेमस सिंगर और डीजे आर्टिस्ट भी पहुंचेंगे। बेस्ट डांस करने वाले लोगों को आकर्षक गिफ्ट भी दिया जाएगा। इस अवसर पर संगठन की पदाधिकारी और सदस्यगण मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के विशेष अभियान ( फेज-05 ) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं / बालिकाओं को सोनभद्र पुलिस द्वारा किया जागरुक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**सोनभद्र।** महिला पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा की दी जानकारी- एण्टी रोमियों टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों में जाकर छात्राओं को बैड टच व गुड टच के बारे में बताया गयाङ महिला पुलिस ने महिलाओं/बालिकाओं को कानून चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिनन्‍ हेल्पलाइन



एवं योजनाओं के बारे में दी जानकारी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिनन्‍ सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में नंबरों जैसे- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है ।




आधुनिक समाचार TM
हिन्दी साप्ताहिक
प्रयागराज, रविवार 27 अक्टूबर 2024 से शनिवार 02 नवम्बर 2024 तक


# देश/विदेश




मेरा देश भारत

## संक्षिप्त समाचार

### आईआईटी जोधपुर में खुलेगा देश का उत्कृष्टता केंद्र 'सृजन', जनरेटिव एआई को देगा बढ़ावा, मेटा बनेगा स्पॉन्सर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सृजन भारत में छात्रों और युवा डेवलपर्स (18-30 वर्ष) को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने, सकारात्मक



सामाजिक व आर्थिक प्रभाव को आगे बढ़ाने के लिए ओपन-सोर्स एआई मॉडल का इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करेगा। यह उत्कृष्टता केंद्र जनरेटिव एआई में वैश्विक प्रगति के साथ-साथ शिक्षा, गतिशीलता और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करेगा। आईआईटी जोधपुर जनरेटिव एआई के लिए भारत के उत्कृष्टता केंद्र की मेजबानी करेगा। इस केंद्र को सृजन नाम से जाना जाएगा और यह केंद्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा। मेटा सृजन को स्पॉन्सर करेगा और इन-हाउस रिसर्च सपोर्ट भी देगा।सृजन भारत में छात्रों और युवा डेवलपर्स (18-30 वर्ष) को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने, सकारात्मक सामाजिक व आर्थिक प्रभाव को आगे बढ़ाने के लिए ओपन-सोर्स एआई मॉडल का इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करेगा। यह उत्कृष्टता केंद्र जनरेटिव एआई में वैश्विक प्रगति के साथ-साथ शिक्षा, गतिशीलता और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## जयशंकर ने की जर्मनी की विदेश मंत्री से मुलाकात, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक अन्य पोस्ट में मंत्रालय ने जर्मन वाइस चांसलर के साथ बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जर्मन वाइस चांसलर और आर्थिक मामले और जलवायु कार्रवाई मंत्री रॉबर्ट हैबेक के साथ अच्छी बातचीत हुई।केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मनी समकक्ष एनालेना बेयरबॉक के साथ कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने बताया कि उनकी जर्मन वाइस चांसलर और आर्थिक मामले और जलवायु कार्रवाई मंत्री रॉबर्ट हैबेक के साथ भी अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 7वीं भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) बैठक को एक सफल बैठक बताया। उन्होंने बैठक की तस्वीरें भी साझा की। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज तीन दिवसीय भारत दौरे पर हैं। शोल्ज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी के साथ उन्होंने 7वीं भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) बैठक की सह-अध्यक्षता भी की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ठआज आईजीसी की सफल बैठक के बाद जर्मनी के विदेश मंत्रालय एनालेना बेयरबॉक से मिलकर खुशी हुई। इस दौरान कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई। जैसे-जैसे यह अपने 25वें साल में प्रवेश कर रही है, हमारी रणनीतिक साझेदारी और गहरी होती जा रही है।ठएक अन्य पोस्ट में मंत्रालय ने जर्मन वाइस चांसलर के साथ बातचीत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ठजर्मन वाइस चांसलर और आर्थिक मामले और जलवायु कार्रवाई मंत्री रॉबर्ट हैबेक के साथ अच्छी बातचीत हुई। रणनीतिक और आर्थिक दोनों तरह की समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।आईजीसी की बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी और ओलाफ शोल्ज ने भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने और गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।




## एनआईए को कनाडा ने नहीं दिया खालिस्तानी आतंकी निज्जर का मृत्यु प्रमाण पत्र, सूत्रों का दावा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत-कनाडा के तनाव के बीच केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के सूत्रों ने बताया कि उन्हें अभी तक कनाडा की तरफ से खालिस्तानी



आतंकी हरदीप सिंह निज्जर मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिला। सूत्रों के अनुसार, कनाडाई सरकार ने एनआईए से निज्जर का मृत्यु प्रमाण पत्र मांगने के अनुरोध के पीछे का कारण पूछा है। बता दें कि पिछले साल जून में सर्रे में एक गुरुद्वारा के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। खालिस्तानी आतंकी निज्जर के पास कनाडा की नागरिकता है। एनआईए ने 2020 में उसे आतंकी घोषित किया था। भारत-कनाडा के बीच तनाव तब शुरू हुआ, जब पिछले साल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। हालांकि, भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे बेतुका बताया। भारत ने कनाडा पर भारत विरोधी तत्वों को जगह देने का आरोप लगाया। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यह स्वीकार किया था कि उनकी सरकार ने भारत को पुख्ता सबूत नहीं, बल्कि सिर्फ खुफिया जानकारी मुहैया कराई थी। एनआईए वर्तमान समय में मशहूर आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नूसे जुड़े छह मामलों की जांच कर रही है। पन्नू के खिलाफ अपनी जांच में एनआईए ने चंडीगढ़ में उसकी तीन संपतियों को जब्त किया है। इसके साथ ही अमृतसर में उससे जुड़ी कई जमीनों को भी जब्त किया गया है। पन्नू भारत द्वारा नामित एक आतंकी है, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की नागरिकता है।

## सेलकैल, पैन डी के कुछ सैंपल समेत 49 दवाएं मानकों पर फेल, सितंबर में लिए गए विभिन्न दवाओं के 3000 नमूने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि नियामक प्राधिकरण ने बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले कैल्शियम सप्लीमेंट शेल्कल 500 और पैन डी सहित चार दवाओं



के नमूनों को नकली पाया है। 49 दवाओं के नमूनों को मानक गुणवत्ता के नहीं बताया गया है। सितंबर के लिए मासिक औषधि चेतावनी रिपोर्ट में पैरासिटामोल, पैन डी, कैल्शियम और विटामिन डी3 सप्लीमेंट्स, ऑक्सीटोसिन, मेट्रोनिडाजोल और फ्लूकोनाजोल सहित 49 दवाओं के नमूनों को शामिल किया गया है। देश में बेहद प्रचलित चार दवा ब्रांड के कुछ सैंपल केंद्रीय औषधि नियामक प्राधिकरण के गुणवत्ता मानकों पर विफल साबित हुए हैं। इनमें बेहद बिकने वाली कैल्सियम सप्लीमेंट सेलकैल 500 और पेंटाप्राजोल का ब्रांड पैन डी शामिल हैं। कुल 49 दवाओं के सैंपल गुणवत्ता के तय मानकों से नीचे पाई गई हैं। प्राधिकरण ने सितंबर में अपनी दवा सतर्कता रिपोर्ट में जिन 49 दवाओं के सैंपल को गुणवत्ता से नीचे पाया है उनमें पारासिटामोल के टैबलेट, पैन डी, कैल्सियम और विटामिन डी3 के सप्लीमेंट, ऑक्सीटोसिन, मेट्रोनिडाजोल और फ्लूकोनाजोल के बाजार से लिए गए सैंपल गुणवत्ता मानक से कमतर पाए गए। गुणवत्ता में फेल पाई गई कुछ दवाओं के बाजार में मौजूद बैच एल्कैम हेल्थ साइंस, एरिस्टो फार्मा, केमिला फार्मा, इनोवा कैप्टन, हिंदुस्तान एंटिबायोटिक्स और इप्का लेबोरेटरीज की हैं। देश के औषधि महानियंत्रक राजीव सिंह रघुवंशी ने बताया कि सितंबर में 3,000 सैंपल लिए गए थे और उनमें से केवल 49 दवाएं ही मानकों पर खरी नहीं उतरीं।

## भारत का हर दूसरा बुजुर्ग दो या उससे ज्यादा बीमारियों से ग्रस्त, हेल्पएज इंडिया के सर्वे में सामने आई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देश के करीब 26 फीसदी यानी चार में से एक बुजुर्ग कम से कम एक गैर संचारी बीमारी से पीड़ित है, जिसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित कई तरह की बीमारियां शामिल हैं। सर्वे के दौरान करीब 20 फीसदी बुजुर्गों ने अपनी बीमारी के बारे में जानकारी न होने का हवाला दिया है। भारत का हर दूसरा बुजुर्ग दो या उससे अधिक बीमारियों से ग्रस्त है। गैर संचारी रोगों को लेकर हेल्पएज इंडिया के इस सर्वे के अनुसार 54 फीसदी बुजुर्गों में दो से अधिक गैर संचारी रोगों से पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। देश के करीब 26 फीसदी यानी चार में से एक बुजुर्ग कम से कम एक गैर संचारी बीमारी से पीड़ित है, जिसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित कई तरह की बीमारियां शामिल हैं। सर्वे के दौरान करीब 20 फीसदी बुजुर्गों ने अपनी बीमारी के



बारे में जानकारी न होने का हवाला दिया है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के ज्यादातर बुजुर्ग दो या उससे अधिक गैर संचारी रोगों से पीड़ित मिले। सर्वे के लिए10 राज्यों के 20 शहरों में करीब पांच हजार से भी ज्यादा बुजुर्गों से बातचीत करने के अलावा 1300 डॉक्टरों से भी जानकारी ली गई जिनके पास बुजुर्ग रोगी इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। अध्ययन में पाया कि बीते एक साल में ज्यादातर बुजुर्ग (79ज्ञ्) सरकारी अस्पताल या क्लीनिक इलाज के लिए गए हैं जबकि बाकी ने निजी अस्पतालों में चिकित्सा जांच और परामर्श ली है। रिपोर्ट के अनुसार, 39 फीसदी बुजुर्गों के पास डिजिटल उपकरणों के अलावा स्मार्टफोन तक हैं जबकि 59ज्ञ् के पास कोई डिजिटल उपकरण नहीं है। स्मार्टफोन का उपयोग पुरुषों (47ज्ञ्) और सबसे कम आयु वर्ग 60-69 वर्ष (43) के बीच अधिक है।

## इस बार त्योहारों पर नहीं होगी टिकटों की मारामारी उत्तर रेलवे चलाएगा 3000 से ज्यादा विशेष ट्रेनें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया, 'दिवाली और छठ पर्व के दौरान आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 26 अक्तूबर 2024 से 7 नवंबर 2024 तक विशेष ट्रेनों की 195 फेरी लगाने की योजना बनाई गई है।' त्योहारों पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए हर साल रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं। हालांकि रेलवे के काफी प्रयासों के बावजूद त्योहारों के समय टिकटों को लेकर काफी परेशानी होती है, लेकिन इस बार उत्तर रेलवे ने त्योहारों के समय तीन हजार से ज्यादा विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और वे त्योहारों पर अपने-अपने घर जा सकें। उत्तर रेलवे ने 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 3,144



विशेष रेलगाड़ियां चलाने की योजना बनाई है, जो अब तक की सबसे ज्यादा हैं। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया, 'उत्तर रेलवे ने 1 अक्तूबर 2024 से 30 नवंबर 2024 तक रेलगाड़ियों के अब तक की सबसे ज्यादा 3,144 फेरे लगाने की योजना बनाई है। करीब 85 प्रतिशत त्योहार विशेष रेलगाड़ियां उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम जाने वाले यात्रियों के लिए चलाई जाएंगी।' उन्होंने कहा, 'दिवाली और छठ पर्व के दौरान आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 26 अक्तूबर 2024 से 7 नवंबर 2024 तक विशेष ट्रेनों की 195 फेरी लगाने की योजना बनाई गई है। पिछले साल इसी अवधि के दौरान विशेष रेलगाड़ियों की फेरी की संख्या 138 थी।' वर्मा के अनुसार, 13 दिनों में उत्तर रेलवे दिल्ली से प्रतिदिन 65 अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगा, जिससे 1.20 लाख अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल इसी अवधि के दौरान 59 ट्रेनें चलाई गई थीं। इसके अलावा, यात्रियों की भीड़ को कम करने और आरामदायक यात्रा की सुविधा के लिए नियमित ट्रेनें भी 123 विशेष ट्रिप लगाएंगी। साथ ही 26 अक्टूबर से 7 नवंबर तक महत्वपूर्ण ट्रेनों में 49 अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे।




## लापरवाही तभी मानी जाएगी जब डॉक्टर के पास योग्यता की कमी हो

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**जस्टिस पीएस नरसिम्हा व जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि अगर चिकित्सा पेशेवर से अपेक्षित उचित देखभाल रोगी को दी गई हो, तो यह कार्रवाई योग्य लापरवाही का मामला नहीं होगा। शीर्ष (एनसीडीआरसी) के एक आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। एनसीडीआरसी ने अपने आदेश में एक डॉक्टर को लापरवाह माना था। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके नाबालिग बेटे की बाईं आंख में जन्मजात विकार का पता चला था, जिसके लिए



अदालत ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के एक आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी डॉक्टर को लापरवाही के लिए तभी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जब उसके पास अपेक्षित योग्यता और कौशल न हो या उपचार के दौरान उचित विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने में विफल हुआ हो। जस्टिस पीएस नरसिम्हा व जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि अगर चिकित्सा पेशेवर से अपेक्षित उचित देखभाल रोगी को दी गई हो, तो यह कार्रवाई योग्य लापरवाही का मामला नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग एक छोटी सी सर्जरी की जरूरत थी। 1996 में चंडीगढ़ के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर) में डॉ. नीरज सूद ने यह सर्जरी की थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे में पाई गई शारीरिक विकृति को मामूली ऑपरेशन से ठीक किया जा सकता था। हालांकि, डॉक्टर ने प्रक्रिया में गड़बड़ी की, जिससे सर्जरी के बाद लड़के की हालत बिगड़ गई। इसलिए, शिकायतकर्ता ने डॉ. सूद और पीजीआईएमईआर के खिलाफ चिकित्सा लापरवाही का आरोप लगाया, जिसे राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने 2005 में खारिज कर दिया था।

## भारत-चीन गश्ती समझौते से बना सकारात्मक माहौल, वीके सिंह बोले- आंतरिक सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत-चीन सीमा समझौते की सराहना करते हुए जनरल वीके सिंह ने कहा कि इस फैसले के तौर-तरीके जमीनी स्तर पर काम कर रहे लोगों को तय करने चाहिए। उन्होंने इसे सकारात्मक कदम बताते हुए भारतीय राजनयिकों की तारीफ की, जिन्होंने काफी वक्त से लंबित इस समझौते को पूरा करने में योगदान दिया। पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह ने कहा है कि आंतरिक सुरक्षा सभी का मसला है। यह हमारा कर्तव्य है कि जिनसे हम संपर्क में आते हैं, उनके साथ इस जिम्मेदारी को साझा करें। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगर हम किसी ऐसी स्थिति में हैं जो आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी है, तो हमारा अहंकार इसमें बाधा न बने, बल्कि हमें इतना लचीला होना चाहिए कि हम ऐसे समाधान निकाल सकें जो पूरे देश के लिए मददगार साबित हों। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह बातें शुक्रवार को चाणक्य रक्षा संवाद में कहीं। भारत-चीन सीमा पर गश्ती को लेकर हुए समझौते की सराहना करते हुए सिंह ने कहा कि इस फैसले के तौर-तरीके जमीनी स्तर पर काम कर रहे लोगों को तय करने चाहिए। उन्होंने इसे सकारात्मक कदम बताते हुए भारतीय राजनयिकों की तारीफ की, जिन्होंने काफी वक्त से लंबित इस समझौते को पूरा करने में योगदान दिया।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## केजीएफ 3' में 'रॉकी भाई' की भूमिका में नजर आएंगे यश! फिल्म को लेकर साझा किया बड़ा अपडेट

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
नई दिल्ली। दक्षिण भारतीय अभिनेता यश ने 'केजीएफ 3' को लेकर अपडेट साझा की है। अभिनेता ने कहा कि प्रशंसकों और दर्शकों की अपेक्षाओं हैं। उन्होंने कहा, 'मैं वादा करता हूं, हम इसके बारे में बात करते रहेंगे। हमारे पास एक आईडिया है। इसलिए इसे वास्तव में हमारे फोकस की आवश्यकता है।' रिपोर्ट्स के मुताबिक




को पूरा करने के लिए फिल्म को बेहतर बनाने की कोशिश है। दक्षिण भारतीय अभिनेता यश को प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक्शन हिट फिल्म 'केजीएफ' में अपने प्रदर्शन के लिए बहुत प्यार और सराहना मिली। प्रशंसक इस फ्रेंचाइजी के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'केजीएफ 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक हालिया साक्षात्कार में, यश ने साझा किया कि 'केजीएफ 3' निश्चित रूप से बनेगी, जिसमें वह 'रॉकी भाई' की भूमिका में नजर आएंगे।हाल ही में एक बातचीत में, यश ने पुष्टि की कि वह तीसरे भाग को बनाने के लिए प्रशांत के साथ चर्चा कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता ने खुलासा किया कि वह वर्तमान में गीतू मोहनदास की 'टॉक्सिक' की शूटिंग में व्यस्त अभिनेता ने यह भी कहा निर्माता यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि फिल्म प्रशंसकों और दर्शकों की अपेक्षाओं को पूरा करे, क्योंकि चरित्र और फिल्म दोनों को बहुत प्यार मिला है। इस बार हम कुछ बड़ा लेकर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में एक चैट में, यश ने पुष्टि की कि वह रणबीर कपूर अभिनीत 'रामायण' में रावण की भूमिका निभाने को लेकर इच्छा जाहिर की है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। 'केजीएफः चैप्टर 2' हिंदी क्षेत्र सहित भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म में अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी भी मुख्य भूमिका में थीं।

## शाहरुख खान के बेटे अबराम का क्यूट रिएक्शन हुआ वायरल, पैपराजी ने एसआरव के बेटे से कही खास बात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के सबसे छोटे बेटे अबराम अपनी क्यूटनेस से सोशल मीडिया पर अक्सर छाए रहते हैं। आज अबराम बॉलीवुड के सबसे चहेते स्टार किड्स में से एक बन गए हैं। अपने सुपरस्टार पिता शाहरुख खान की तरह ही अबराम, जब भी बाहर निकलते हैं, सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। हाल ही में अबराम ने पैपराजी की दिए रिएक्शन से खुश हो गए। पैपराजी ने अबराम से कहा ठअलविदा...अपना ख्याल रखना,ठ जिस पर अबराम ने गर्मजोशी से जवाब दिया। पैपराजी ने अबराम ने एक खास रिएक्वेस्ट करते हुए कहा ''ऐंख् सर को सलाम बोलनाठ और अबराम ने सहमति में सिर हिलाया, अपने प्यारे हाव-भाव से इंटरनेट पर छा गए। उनकी मासूमियत और दिल को छू लेने वाली





एक खास रिक्वेस्ट पर अपनी प्यारी प्रतिक्रिया से फिर से लोगों का दिल जीत लिया है। बीते रविवार को, जब अबराम खान को सपनों की मायानगरी मुंबई में देखा गया, तभी से वह लगातार सुखियों में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर अबराम का एक क्यूट जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें उनका क्यूट रिएक्शन कैद है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि अबराम फोटोग्राफरों से घिरे एक कार में बैठते हुए हैं। उनके जाने से पहले, फोटोग्राफरों ने उन्हें एक खास रिक्वेस्ट की, जिसके बाद अबराम ने ऐसा रिएक्शन दिया कि सभी उनके प्रतिक्रियाओं ने उन्हें प्रशंसकों और मीडिया के बीच पसंदीदा बना दिया है। एक इंटरव्यू में शाहरुख खान ने अपने सबसे छोटे बेटे के नाम अबराम के पीछे की कहानी साझा करते हुए कहा था कि सबसे पहले, इस्लाम में हजरत इब्राहिम को बाइबिल में अब्राहम के नाम से जाना जाता है और यहूदी धर्म में इसे अबराम कहते हैं। मैंने सोचा कि चूंकि मेरी पतनी (गौरी खान) हिंदू हैं और मैं मुस्लिम हूं, इसलिए हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे घर में धर्मनिरपेक्षता की भावना महसूस करें।

## बिग बॉस 18 के घर से बेघर हुई हेमा शर्मा, वीकेंड के वार पर हुई अविनाश और करण वीर को जोरदार लड़ाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 में वीकेंड का वार इस बार खास रहा। कृष्णा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, सुदेश लहरी ने घर में टास्क कराया, इस दौरान अविनाश और करण वीर की जोरदार लड़ाई देखने को मिली। इसके साथ ही कम वोट पाने के कारण हेमा शर्मा घर से बेघर हो गईं। सलमान खान के शो बिग बॉस 18 में वीकेंड के वार में अविनाश मिश्रा और करण वीर मेहरा के बीच जोरदार लड़ाई देखने को मिली। ये लड़ाई हाथापाई तक पहुंच गई। इस शो में कम वोट मिलने के कारण एक सदस्य को घर से बेघर भी कर दिया गया।वीकेंड के वार में हर बार की तरह सलमान खान को घरवालों की टांग खींचते देखा गया। उन्होंने चाहत पांडे से भी पूछा कि उनको कैसा पति चाहिए। इस पर चाहत ने करण वीर का नाम लिया। वीकेंड के वार पर सलमान खान चाहत से पूछते हैं, चाहत आप कैसा पति चाहती हैं। ऐसे में चाहत कहती हैं, करण वीर मेहरा जैसा फिट पति पसंद है। इसके बाद श्रुतिका कहती हैं मुझे लगता है चाहत को इसके ऊपर क्रश है। इस पर करण वीर मेहरा कहते हैं, 'चाहत मैं सच में तुम्हें बहुत पसंद करता हूं'। घर में एक टास्क के दौरान अविनाश और करण वीर मेहरा की जोरदार लड़ाई हो गई। इस लड़ाई को लेकर अविनाश ने लड़ाई को लेकर कहा कि लड़ाई होगी, बहस होगी, सब कुछ होगा। परिवार शामिल करेगा, दायरा तोड़ेगा, मैं आदमी तोड़ दूंगा। सामने कौन है मैं नहीं देखूंगा।





## बहुप्रतीक्षित फिल्मों में एक्शन करते नजर आएंगे बॉलीवुड अभिनेता, अजय देवगन-सलमान खान का नाम शामिल


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की कई आगामी फिल्में आने वाली हैं, जिनमें रोमांस, थ्रिलर, सस्पेंस के साथ धमाकेदार एक्शन देखने को मिलेगा। इस फिल्म एक्शन करते नजर आएंगे। फिल्म का धमाकेदार लुक सामने आने के बाद प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज के साथ ही अजय को एक बार फिर से एक्शन मोड में देखने के लिए बेताब हो गया था, जिसमें शाहिद पुलिस अफसर की ड्रेस में हाथ में बंदूक लिए नजर आए। इस फिल्म में शाहिद कपूर के अलावा पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, कुबरा सैत के अलावा कई



में अजय देवगन की सिंघम अगेन, सलमान खान की सिकंदर, शाहिद कपूर की देवा और अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 द रूल शामिल हैं। सबसे पहले बात करते हैं अजय देवगन की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन की, जो इस दिवाली पर रिलीज होगी। इस फिल्म में अजय धमाकेदार एक्शन करते नजर आएंगे। इस फिल्म में अजय के अलावा रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण के अलावा और भी कलाकार हैं। फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी कर रहे हैं। रोहित की फिल्म में एक्शन ना हो ऐसा भला कैसे हो सकता है। अब बात करते है शाहिद कपूर की आगामी फिल्म देवा की। देवा में शाहिद एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगे। अब जब शाहिद पुलिस वाले के किरदार में नजर आएंगे, तो जाहिर सी बात है कि फिल्म में धमाकेदार एक्शन भी होगा। इस फिल्म से शाहिद का धांसू लुक पहले ही सोशल मीडिया पर आते ही वायरल कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म पूरी तरह से एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी, जिसका निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है और बॉबी-संजय की जोड़ी ने इसे लिखा है। यह फिल्म हिंदी सिनेमा में उनकी पहली फिल्म है। इसका निर्माण जी स्टूडियो और रॉय कपूर फिल्म्स ने किया है। अब बात करते हैं सलमान खान की आगामी सबसे चर्चित फिल्म सिकंदर की, जो ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है। फिल्म सिकंदर में सलमान खान जबर्दस्त एक्शन करते नजर आएंगे। वैसे सलमान अपनी ज्यादातर फिल्मों में एक्शन करते नजर आते रहे हैं, और तो और प्रशंसक भी उन्हें एक्शन मेड में देखकर बेहद खुश हो जाते हैं। साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं और एआर मरुगदास इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में सलमान के अपोजिट रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं। यह पहली बार है, जब दोनों की जोड़ी पर्दे पर दिखेगी। साउथ अभिनेता सत्यराज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में सत्यराज खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा फिल्म में प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल और वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन भी नजर आ सकती हैं। पुष्पा 2 द रूल एक आगामी भारतीय तेलुगु -भाषा की एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन और लेखन सुकुमार ने किया है। इस फिल्म को मैथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने निर्माण किया है। फिल्म में अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ फहद फासिल और रश्मिका मंदाना भी हैं। यह पुष्पा फिल्म सीरीज की दूसरी किस्त है और 2021 की फिल्म पुष्पा द राइज की अगली कड़ी है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल की रिलीज डेट कई बार बदली गई, लेकिन यह फिल्म अब 6 दिसंबर 2024 को रिलीज के लिए तैयार है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें दर्शकों को पहले ही पुष्पा 2 के ट्रेलर में अपने धमाकेदार एक्शन से इंप्रेस कर चुके हैं अल्लू अर्जुन।

## आलिया भट्ट ने साझा की अपनी हैरतअंगेज तस्वीर, बोलीं- पेरिसियन ट्रीट का आनंद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों जम्मू-कश्मीर में अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म अल्फा की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ मुंजा फेम अभिनेत्री शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। हाल ही में आलिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बेहद ही खास तस्वीर साझा की है, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। आलिया की यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। दरअसल, आलिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह स्वेटशर्ट और डेनिम पहने और चेहरे पर अजीबोगरीब रिएक्शन लिए नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, ठपेरिसियन ट्रीट इऊँ थ्रोबैकठ। आलिया की इस तस्वीर पर प्रशंसक जमकर कमेंट कर रहे हैं। इसके अलावा हाल ही में आलिया ने कश्मीर से अपनी दो तस्वीरें और साझा की थीं। इन तस्वीरों में आलिया धूप सेंकती नजर आईं। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ठकश्मीर क्षअल्फाठ। 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल ने किया है, जो स्ट्रीमिंग सीरीज



'द रेलवे मेन' के लिए जाने जाते हैं, जिसका निर्माण भी वाईआरएफ ने किया था। निर्माता आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, वाईआरएफ जासूसी में 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर', 'पठान' और 'टाइगर 3' जैसी ब्लॉकबस्टर शामिल हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और शरवरी वाघ एक्शन से भरपूर थ्रिलर फिल्म अल्फा में सुपर एजेंट की भूमिका निभाएंगी। इस समय आलिया जम्मू-कश्मीर में फिल्म अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। आलिया और शरवरी के अलावा फिल्म में एनिमल फेम अभिनेता बॉबी देओल भी मुख्य खलनायक में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में अनिल कपूर के अलावा ऋतिक रोशन का भी कैमियो हो सकता है। इस बीच, आलिया की फिल्म 'जिगरा' विवादों में घिर गई, क्योंकि अभिनेत्री-निर्देशक दिव्या खोसला ने उन पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि उन्होंने 'जिगरा' के टिकट खुद खरीदे हैं। दिव्या ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में 'जिगरा' के शो चल रहे खाली थिएटर की तस्वीर शेयर की और बताया कि कैसे थिएटर में 'जिगरा' के लिए लगभग कोई दर्शक नहीं आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिव्या ने लिखा, ''जिगरा' शो के लिए सिटी मॉल पीवीआर गई, थिएटर बिल्कुल खाली था... हर जगह सभी थिएटर खाली हो रहे थे। क्षआलियाभट्ट मेरे सच में बहुत क्षिजगरा है, खुद ही टिकट करदे और फर्जी कलेक्शन की घोषणा कर दीजिए।

## कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप की मां का निधन, 86 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कनन्ड़ अभिनेता और टेलीविजन होस्ट किच्चा सुदीप की



मां सरोजा संजीव का रविवार, 20 अक्तूबर को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सरोजा बीते लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। कनन्ड़ अभिनेता और टेलीविजन होस्ट किच्चा सुदीप की मां सरोजा संजीव का रविवार, 20 अक्तूबर को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सरोजा संजीव ने सुबह करीब 7 बजे जयनगर के अपोलो अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां वह उम्र से संबंधित स्वास्थ्य जटिलताओं का इलाज कराने के लिए भर्ती थीं। सरोजा की तबीयत सुबह में ज्यादा बिगड़ गई। तमाम कोशिशों के बाद भी डॉक्टर्स किच्चा सुदीप की मां को नहीं बचा सके। अपने परिवार के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाले अभिनेता किच्चा सुदीप को प्रशंसकों, सहकमिर्यों और कनन्ड़ फिल्म इंडस्ट्री के लोगों से व्यापक से संवेदनाएं मिली हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेता की मां के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा हुआ है। कनन्ड़ सिनेमा में अपने व्यापक प्रभाव के लिए जाने जाने वाले किच्चा सुदीप कथित तौर पर अपनी मां के अंतिम क्षणों में उनके साथ थे। सरोजा संजीव लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं और हाल के हफ्तों में उनकी हालत बिगड़ गई थी कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सुदीप के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सुदीप और सरोजा की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, 'अभिनेता किच्चा सुदीप की मां श्रीमती सरोजा के निधन की खबर सुनकर दिल टूट गया। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले और भगवान सुदीप और उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ओम शांति।

## छठ पर्व पर बने ये खास गाने, त्योहार पर सुनकर मन हो जाएगा भाव विभोर





**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दीपों के त्योहार दिवाली के बाद उत्तर भारत में छठ पर्व मनाया जाता है। तीन दिन के इस त्योहार का क्रेज वैसे तो पूरे देश में होता है लेकिन पारंपरिक तौर पर त्योहार की धूम बिहार में देखने को मिलती है। छठ मइया और सूर्य देव को आराध्य मानकर इस त्योहार पर सुहागिन महिलाएं घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना करती हैं। आइए आपको बताते हैं भोजपुरी सिनेमा के ऐसे ही कुछ गानों के बारे में, जो छठ पर्व को और भी खास बना देते हैं। छठ पर्व पर सुबह जो अर्घ्य दिया जाता है। उस दौरान पूजा के बारे में बताने वाला ये गाना लोकगायिका शारदा सिन्हा ने गाया है। इसे भोजपुरी भाषा में गाया गया है। छठ पर्व पर बने इस गाने में आपको त्योहार और छठ पूजा की पूरी झलक दिखेगी। छठ पर्व पर आधारित भोजपुरी गीत 'उगी ना आदित देव भईल भोर' गाने को काफी पसंद किया जाता है। इस गाना पवन सिंह ने गाना है। इस गाने के वीडियो में महिलाएं छठ के घाट पर पूजन करते नजर आ रहे हैं। छठ पर आधारित गीत 'घरे-घरे होता माई के बरतिया' को कल्पना ने गाया है। यह भोजपुरी गीत 'लागल रहा बताशा' फिल्म का गाना है। इस गाने में आम्रपाली दुबे अभिनय करती नजर आती हैं। छठ पर्व में यह गाना आपके त्योहार को और भी खास भी बना देगा। छठ का गाना 'पहिले पहिल हम कईनी छठी मइऱ्या बरत तुहार' गाने को शारदा सिन्हा ने गाया है। यह गाना अपनी धुन के कारण प्रशंसकों को बहुत भाता है। इस गाने के लिरिक्स हरिदे नारायण झा ने लिखी है। छठ पर आधारित यह गाना प्रशंसकों का बहुत भाता है। लोकगायिका शारदा सिन्हा की आवाज में यह गाना आपके त्योहार को और भी खास बना देगा। इस गाने को शारदा सिन्हा और नरेश सिन्हा ने लिखा है।

# सम्पादकीय

## कानूनों से नहीं रुकेगा पराली का जलना, सबसे ज्यादा किसानों को ही होगा इससे नुकसान

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर पराली यानी फसलों के अवशेष जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने और सख्त कार्रवाई में कोताही बरतने पर हरियाणा और पंजाब की सरकारों को फटकार लगाई। पराली का मामला सुप्रीम कोर्ट में इसलिए पहुंचा, क्योंकि दिल्ली और इसके आसपास वायु प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ने लगा है। इसके लिए वाहनों, फैक्ट्रियों एवं पराली का धुआं, धूल इत्यादि कारण अधिक जिम्मेदार हैं। आने वाले दिनों में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में जैसे-जैसे पराली जलाने की घटनाएं बढ़ेंगी वैसे-वैसे प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाएगा। इस बार भी खेतों से लपटें और हवा में धुएं के बादल उठते दिख रहे हैं। अब तो कुछ उन राज्यों में भी पराली जलने लगी है, जहां पहले नहीं जलती थी। किसान वैसे तो समाज को जीवन देने के लिए अनन्न उगाता है, लेकिन अनजाने में ही फसलों के अवशेष जलाने से सांस लेने से जुड़ी गंभीर तकलीफों और कैंसर तक का वाहक बन रहा है। इससे उनका अपना परिवार भी नहीं बचता। इसे देखते हुए अब पराली की समस्या का निदान कानून या तकनीक की जगह सामाजिक तरीके से करना बेहतर होगा। यह बात किसानों तक पहुंचानी जरूरी है कि खेतों में लगी आग से जमीन की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। पराली का सलीके से निपटान कर किसान अपने खेतों की उर्वरता बढ़ा सकते हैं और अपनी तकदीर बदल सकते हैं। देश में हर साल करीब 31 करोड़ टन फसल अवशेष जलाए जाते हैं, जिससे हवा में जहरीले तत्वों की मात्रा 33 से 290 गुणा तक बढ़ जाती है। हर साल अकेले पंजाब और हरियाणा में करीब तीन करोड़ 50 लाख टन पराली जलाई जाती है। एक टन पराली जलाने पर दो किलो सल्फर डाईआक्साइड, तीन किलो ठोस कण, 60 किलो कार्बन मोनोआक्साइड, 1,460 किलो कार्बन डाईआक्साइड और 199 किलो राख निकलती हैं। ऐसे में जब करोड़ों टन अवशेष जलते हैं तो वायुमंडल की कितनी दुर्गति होती होगी। इन दिनों सीमांत एवं बड़े किसान खरीफ फसलों खासतौर पर धान काटने के लिए हार्वेस्टर जैसी मशीनों का सहारा ले रहे हैं। इससे कटाई से फसल के तने का अधिकांश हिस्सा खेतों में ही रह जाता है। जहां गेहूं, गनन्ने की हरी पत्तियां, आलू, मूली की पत्तियां पशुओं के चारे के रूप में उपयोग की जाती हैं तो कपास, सनई और अरहर आदि के तने, गनन्ने की सूखी पत्तियां, धान की पुआल आदि को जला दिया जाता है। फसलों के बचे अंश का इस्तेमाल मिट्टी जीवांश पदार्थ की मात्रा बढ़ाने के लिए नहीं किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आज पूरी खेती ऐसे रसायनों द्वारा हो रही है, जो कृषि-मित्र सूक्ष्म जीवाणुओं को ही चट कर जाते हैं। ऐसे में खेत की जैव-विविधता का संरक्षण बेहद जरूरी है। फसलों के अवशेष इसमें किसानों की मदद कर सकते हैं। किसान चाहें तो फसलों के अवशेषों से कंपोस्ट या जैविक खाद तैयार कर अपने रासायनिक खाद के खर्चे से बच सकते हैं। पुआल को खेत में ढेर बनाकर खुला छोड़ने के बजाय गड्ढों में कंपोस्ट खाद बनाकर उपयोग कर सकते हैं। आलू और मूंगफली जैसी फसलों को खोदाई कर बचे अवशेषों को भूमि में जोत कर मिला सकते हैं। मूंग एवं उड़द की फसल में फलियां तोड़कर खेत में मिला सकते हैं। केले की फसल के बचे अवशेषों से तैयार कंपोस्ट खाद में 1.87 प्रतिशत नाइट्रोजन, 3.43 प्रतिशत फास्फोरस तथा 0.45 प्रतिशत पोटाश होता है। वैसे आधुनिक मशीन रोटावेटर भी फसल अवशेषों को उपयोगी बनाने में बेहद कारगर है। इस मशीन से जुताई करने पर फसल अवशेष मशीन से बारीक होकर मिट्टी में ही मिल जाते हैं। जिन इलाकों में जमीन की नमी कम हो रही है और भूजल और गहराई में जा रहा है, वहां रासायनिक खाद के बजाय कंपोस्ट ज्यादा कारगर है और पराली जैसे अवशेष बगैर किसी व्यय के आसानी से कंपोस्ट खाद में बदले जा सकते हैं। यदि मिट्टी में नमी कम हो जाए तो जमीन के बंजर होने का खतरा बढ़ जाता है। फसल अवशेष को जलाने से खेत की छह इंच परत आग में भस्म हो जाती है, जिसमें विभिनन्न प्रकार के लाभदायक सूक्ष्मजीव जैसे राइजोबियम, एजेक्टोबैक्टर, नील हरित काई, मित्र कीट के अंडे आदि होते हैं। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति भी जर्जर हो जाती है। किसानों का कहना है कि पराली को मशीन से निपटाने पर प्रति एकड़ कम से कम पांच हजार रुपये का खर्च आता है। फिर अगली फसल के लिए इतना समय होता नहीं कि गीली पराली को खेत में पड़े रहने दें। पंजाब में किसानों का एक बड़ा वर्ग सरकार की सब्सिडी योजना से भी नाखुश है। उसका कहना है कि पराली को नष्ट करने की मशीन बाजार में 75 हजार से एक लाख रुपये में उपलब्ध है। यदि सरकार से सब्सिडी लो तो वह मशीन डेढ़ से दो लाख रुपये की पड़ती है। जाहिर है सब्सिडी उनके लिए बेमानी है। उसके बाद भी मजदूरों की जरूरत होती ही है।

## भेदभाव से ग्रस्त महिला जनप्रतिनिधि, नेतृत्व पदों में महिलाओं की स्वीकार्यता सहज नहीं


हाल में सवीच्च न्यायालय ने मनीषा



रविंद्र पानपाटिल बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए महाराष्ट्र के जलगांव जिले के विचारखेड़ा पंचायत की महिला सरपंच को तकनीकी आधार पर अयोग्य ठहराए जाने पर महिला प्रतिनिधियों के प्रति प्रशासन के सभी स्तरों पर व्याप्त भेदभावपूर्ण रवैये पर अपनी अप्रसनन्ता व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट ने महिला सरपंच को राहत देते हुए टिप्पणी की कि 'यह प्रकरण तब और भी गंभीर हो जाता है, जब हम एक देश के रूप में सार्वजनिक कार्यालयों और निर्वाचित निकायों में पर्याप्त महिला प्रतिनिधित्व सहित सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण के प्रगतिशील लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर इस तरह के उदाहरण हमारे द्वारा हासिल की गई किसी भी प्रगति पर गहरा आघात करते हैं।' शीर्ष न्यायालय की यह टिप्पणी संपूर्ण सामाजिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रशनचिह्न खड़े करती है। राजनीति का क्षेत्र पुरुषों का गढ़ माना जाता रहा है। इसलिए जब 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत स्थानीय सरकारों यानी गांव से लेकर जिला स्तर तक की संस्थाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया।

## जीन की गतिविधि को नियंत्रित करता है माइक्रो आरएनए

दोनों विज्ञानियों को संयुक्त से 10 दिसंबर को पुरस्कार मिलेंगे। माइक्रो आरएनए जेनेटिक मैटेरियल आरएनए का सूक्ष्म हिस्सा होता है जो कोशिका के स्तर पर जीन की कार्यप्रणाली को बदलने देता है।माइक्रोआरएनए की खोज और ट्रांसक्रिप्शन के बाद जीन एक्प्रेशन को रेगुलेट करने में उनकी

भूमिका के लिए अमेरिका के दो विज्ञानियों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को साल 2024 का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिलेगा। दोनों विज्ञानियों को संयुक्त से 10 दिसंबर को पुरस्कार मिलेंगे। माइक्रो आरएनए जेनेटिक मैटेरियल आरएनए का सूक्ष्म हिस्सा होता है जो कोशिका के स्तर पर जीन की कार्यप्रणाली को बदलने देता है। माइक्रो आरएनए की जीन की गतिविधि को नियंत्रित करने और जीवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दोनों विज्ञानियों की खोज ने जीन को नियंत्रित करने के नए सिद्धांत के बारे में बताया है। उनके शोध से यह समझने में मदद मिली कि शरीर में कोशिकाएं कैसे काम करती हैं। एंब्रोस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में माइक्रो आरएनए को लेकर शोध किया। वह यूनिवर्सिटी आफ मैसाचुसेट्स मेडिकल स्कूल में नेचुरल साइंस के प्रोफेसर हैं, जबकि रुवकुन ने यह शोध मैसाचुसेट्स जनरल हास्पिटल और हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में किया। पिछले साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया था। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया था। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी सीओवीआईडी-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली थी। नोबेल दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जिसके तहत विजेताओं को एक स्वर्ण पदक, प्रमाणपत्र और उसके साथ करीब एक करोड़ स्वीडिश क्रोना (करीब 8.3 करोड़ रुपए) की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाती है। सर अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के अनुसार, मेडिसिन यानी चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार 1901 से किसी भी देश के उस वैज्ञानिक या संगठन को दिया जाता है, जिसने मेडिसिन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। यह उन पांच नोबेल पुरस्कारों में से एक है, जिसे सर अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत में सन 1895 में स्थापित किया गया था।

## जीवन क्या है केवल संख्या, वर्ष या कुछ और जो अधिक मायने रखता है

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। यात्रा जन्म से नहीं बल्कि



Dr Debabrata Brahma. Resint Geriatriced micine. IMS BHU

इस दुनिया में थोड़ी सी धूप आने से पहले ही शुरू हो जाती है , यह माता-पिता की एकमात्र ज़िम्मेदारी बन जाती है कि वे बढ़ते भ्रूण को उचित पोषण के साथ ठीक से टीकाकरण, और पोषण दें। आखिरकार, वह दिन आ ही जाता है जब एक दस्तावेजी सरकारी रिकॉर्ड मिलता है, बच्चे का जन्म होता है। और अस्तित्व के लिए अस्तित्व की भूमिका निभाने लगती है। जब डार्विन ने प्रतिस्पर्धा की बात कही तो वह गलत नहीं थे। उनका मतलब प्रतिस्पर्धा से था और दुर्भाग्य से यह शब्द अस्तित्व में है। रनवे एक चिकना फुटपाथ नहीं है, बल्कि यह एक रोलरकोस्टर है। वर्तमान जीवनशैली, प्रदूषण और पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हुई है. कई लोगों के लिए बीमारियाँ कोई नया शब्द नहीं है, हर घर की एक कहानी है, हर परिवार के पास अब परिवार के सदस्य के रूप में एक दवा का आवरण है। सोचने को तो कई सवाल हैं. जिंदगी क्यों और कैसे बदल गयी. सामान्य तौर पर स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ा है, यह दुःस्वप्न कब आया, आदि आदि, मधुमेह, हाइपोथायरायडिज्म, हाइपोटेंशन अब समाज का एक हिस्सा है। मामलों की बढ़ती संख्या और बीमारियों का चलन एक चेतावनी की मांग करता है। समय आ गया है जब हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन शैली के सार को समझना चाहिए। और बेहतर जीवन के लिए पहला कदम बेहतरी के लिए बदलाव है। 1. शारीरिक स्वास्थ्य- यह सबसे महत्वपूर्ण घटक है जो रुग्णता को दूर करेगा। नियमित व्यायाम, स्वस्थ संतुलित आहार, उचित नींद, अच्छा जलयोजन और नियमित जांच जीवन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त हैं। 2.मानसिक स्वास्थ्य-अब यह वर्तमान स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच प्रमुख चिंता का विषय है। अच्छी मानसिक स्थिति बनाए रखने से अधिकतम समस्याएं हल हो जाएंगी। ध्यान, सकारात्मक आत्म-चर्चा, कृतज्ञता अभ्यास, प्रकृति और स्वस्थ सीमाओं से जुड़ना किसी के मानसिक स्वास्थ्य का पोषण करेगा। 3. भावनात्मक स्वास्थ्य - आत्म जागरूकता, सहानुभूति, प्रभावी संचार, स्वस्थ रिश्ते और भावनात्मक विनियमन - ये सभी एक व्यक्ति के लिए एक स्वस्थ मानसिक स्थिति बनाने में सहायक होते हैं। 4.खुशी बढ़ाने वाला - दयालुता का कार्य करना, प्रियजनों के साथ समय बिताना, स्वयं की देखभाल करना, खुद को और परिवार को प्राथमिकता देना खुद को हमेशा खुश रखने के कुछ रहस्य हैं। जीवन अनमोल है, बीता हुआ हर पल कभी वापस नहीं आता, इसलिए यह पूरी तरह से हमारी पसंद है कि हम इस यात्रा को कैसे आगे बढ़ाना चाहते हैं याद रखें कि आप जितना सोचते हैं उससे अधिक मजबूत हैं और जितना जानते हैं उससे कहीं अधिक बुद्धिमान हैं, इसलिए जब हम सावधानियां जानते हैं तो किसी भी बीमारी का शिकार क्यों बनें। आपका जीवन, आपकी ज़िम्मेदारी, आपकी प्राथमिकता...बाकी इतिहास है।

## जटिल और अनुठी है अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया

प्राइमरी और कॉकस के बाद प्रत्येक पार्टी (मुख्यतः डेमोक्रैट और रिपब्लिकन) आम चुनाव से पहले गर्मियों में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करती है। इन सम्मेलनों



का उद्देश्य राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए आधिकारिक रूप से पार्टी उम्मीदवार को नामित करना। विश्व के सबसे शक्तिशाली देश संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे शक्तिशाली पद राष्टपति के लिये देश का 60वां चुनाव अगामी 5 नवम्बर मगंलवार को होने जा रहा है। चूकि अमरीकी राष्ट्रपति सारी विश्व व्यवस्था को प्रभावित करता है इसलिये सारा विश्व बेसब्री से इंतजार कर रहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस में से कौन अगले चार सालों के लिये दुनियां को हांकने जा रहा है। आगामी 5 नवम्बर को प्रत्येक राज्य और कोलंबिया जिले के मतदाता निर्वाचक मंडल के लिए निर्वाचकों का चयन करेंगे, जो फिर चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। भारत के संसदीय लोकतंत्र से भिन्न अमेरिका की राष्ट्रपति चुनाव प्रणाली एक जटिल और अनूठी प्रक्रिया है। संविधान के अनुसार यह प्रणाली प्राइमरी, राष्ट्रीय सम्मेलन और इलेक्टोरल कॉलेज के विभिन्न चरणों से गुजरेगी। भारत में सामान्यतः पार्टी नेतृत्व मतदाताओं पर प्रत्याशी थोपते हैं लेकिन अमेरिका में उम्मरदवारी के लिये भी चुनाव जीतना होता है। अमरीकी राष्ट्रपति पद की राह प्राइमरी और कॉकस से शुरू होती है, जो प्रत्येक राज्य में आयोजित की जाती है। ये चुनाव और बैठकें उन प्रतिनिधियों का चयन करने के लिए होती हैं जो पार्टियों के राष्ट्रीय सम्मेलनों में उम्मीदवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह प्रक्रिया, आमतौर पर चुनावी वर्ष के जनवरी से लेकर गर्मियों के मध्य तक चलती है। प्राइमरी के लिये प्रत्यक्ष चुनाव होते हैं जिसमें पंजीकृत मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार के लिए मतदान करते हैं। प्राइमरी खुली हो सकती है (जिसमें पार्टी से जुड़े सभी मतदाताओं को भाग लेने की अनुमति होती है) या फिर केवल पंजीकृत पार्टी सदस्यों तक सीमित हो सकती है। इसी तरह कॉकस स्थानीय सभाओं या बैठकों की तरह होते हैं, जहां पार्टी के सदस्य खुलकर चर्चा करते हैं और अपने पसंदीदा उम्मीदवार के लिए वोट करते हैं। वे आम तौर पर कम औपचारिक होते हैं और उनमें सामुदायिक चर्चाएँ शामिल होती हैं। प्राइमरी और कॉकस का लक्ष्य राष्ट्रीय पार्टी सम्मेलनों के लिए प्रतिनिधियों का चयन करना है। एक उम्मीदवार द्वारा जीते गए प्रतिनिधियों की संख्या अक्सर राज्य के नियमों पर निर्भर करती है, कुछ राज्य आनुपातिक रूप से प्रतिनिधियों को तय करते हैं और अन्य विजेता-सभी-ले-जाओ प्रणाली का उपयोग करते हैं। राष्ट्रीय सम्मेलन में तय होती है उम्मीदवारी प्राइमरी और कॉकस के बाद प्रत्येक पार्टी (मुख्यतः डेमोक्रैट और रिपब्लिकन) आम चुनाव से पहले गर्मियों में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करती है। इन सम्मेलनों का उद्देश्य राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए आधिकारिक रूप से पार्टी उम्मीदवार को नामित करना। सम्मेलन का उद्देश्य पार्टी प्लेटफॉर्म में देश के लिए पार्टी की नीतियों और लक्ष्यों को रेखांकित करना और अक्सर विवादास्पद प्राथमिक सत्रों के बाद पार्टी को एकजुट करना होता। सम्मेलन में प्रतिनिधि प्राइमरी और कॉकस के परिणामों के आधार पर अपने समर्थित उम्मीदवार के लिए वोट देते हैं। एक बार जब कोई उम्मीदवार प्रतिनिधियों का बहुमत हासिल कर लेता है तो वह आधिकारिक तौर पर पार्टी का उम्मीदवार बन जाता है। आम चुनाव अभियान अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय सम्मेलनों के बाद प्रत्येक पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार आम चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करते हैं। इस चरण में चुनावी बहसें, प्रचार अभियान और विज्ञापन प्रचार शामिल होता है। परम्परानुसार चुनावी वर्ष में राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति पद की बहसें शरद ऋतु में आयोजित की जाती हैं जिससे उम्मीदवारों को अपनी नीतियों को प्रस्तुत करने और अपने विरोधियों को चुनौती देने का अवसर मिलता है। इसी दौर में उम्मीदवार अपने समर्थकों को एकजुट करने, मीडिया में आने और धन जुटाने के लिए पूरे देश में यात्रा करते हैं। इस चुनाव में पारंपरिक और डिजिटल विज्ञापन दोनों ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि उम्मीदवार अपने संदेशों के साथ मतदाताओं तक अपना लक्ष्य और कार्यक्रम रखते हैं। आम चुनाव अभियान एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी अवधि होती है जहाँ उम्मीदवार अनिर्णीत मतदाताओं को जीतने की कोशिश करते हैं। इलेक्टोरल कॉलेज या निर्वाचक मंडल अन्य अमेरिकी चुनावों में मतदाताओं द्वारा उम्मीदवारों का चुनाव सीधे लोकप्रिय वोट से होता है। लेकिन राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव सीधे नागरिकों द्वारा नहीं किया जाता। इसके बजाय उन्हें इलेक्टोरल कॉलेज (निर्वाचक मंडल ) प्रक्रिया के माध्यम से चुना जाता है। प्रत्येक राज्य को उतने ही निर्वाचक मिलते हैं जितने उसके पास कांग्रेस (हाउस और सीनेट) के सदस्य हैं। उदाहरण के लिए, सबसे अधिक आबादी वाले राज्य कैलिफोर्निया में 55 इलेक्टर (53 प्रतिनिधि और 2 सीनेटर) हैं, जबकि व्योमिंग जैसे छोटे राज्यों में 3 इलेक्टर (1 प्रतिनिधि और 2 सीनेटर) हैं। वाशिंगटन, डीसी के तीन इलेक्टर को मिलाकर, वर्तमान में कुल 538 इलेक्टर हैं और राष्ट्रपति बनने के लिए किसी उम्मीदवार को 270 निर्वाचक मतों का बहुमत जीतना होता। आगामी 5 नवम्बर को चुनाव के दिन संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सभी नागरिक अपने पसंदीदा राष्ट्रपति उम्मीदवार को सीधे वोट देने के बजाय तकनीकी रूप से वे अपने पसन्दीदा उम्मीदवार के लिए प्रतिबद्ध निर्वाचक के स्लेट के लिए वोट करेंगे। फिर दिसंबर में इलेक्टर राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वास्तविक वोट डालने के लिए अपने-अपने राज्यों में मिलेंगे। निर्वाचकों में 435 सदस्य प्रतिनिधि सभा से, प्रत्येक राज्य से दो-दो सीनेटर और 3 निर्वाचक कोलंबिया जिले से चुने जाते हैं। अधिकांश राज्यों में लोकप्रिय वोट जीतने वाले उम्मीदवार को राज्य के सभी इलेक्टोरल वोट मिलते हैं (विजेता-सभी-लेता-है प्रणाली), मेन और नेब्रास्का को छोड़कर, जो अपने वोट आनुपातिक रूप से आवंटित करते हैं। स्विंग स्टेट्स की निर्णायक भूमिका इलेक्टोरल कॉलेज सिस्टम की वजह से स्विंग स्टेट्स (जिन्हें बैटलग्राउंड स्टेट्स भी कहा जाता है) चुनाव के नतीजे को प्रभावित करने में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। ये ऐसे राज्य हैं जहाँ वोट रिपब्लिकन या डेमोक्रेट किसी के भी पक्ष में जा सकते हैं। उम्मीदवार अक्सर अपने अभियान के ज्यादातर प्रयासों को इन राज्यों पर केंद्रित करते हैं, क्योंकि उन्हें चुनाव जीतने के लिये 270 इलेक्टोरल वोट हासिल करने बहुत जरूरी हैं। ऐतिहासिक रूप से फ्लोरिडा, पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, विस्कान्सिन ऐरिजोना और जार्जिया जैसे स्विंग स्टेट्स राष्ट्रपति चुनावों में निर्णायक रहे हैं। इन राज्यों में राजनीतिक संतुलन चुनाव दर चुनाव बदल सकता है जिससे वे अप्रत्याशित और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बन जाते हैं। अगर किसी को बहुमत न मिला तो राष्ट्रपति पद का फैसला अंततः इलेक्टोरल वोट द्वारा किया जाता है। चुनाव दिवस पर देश भर के मतदाता अपने मतपत्र तो डालते हैं लेकिन परिणाम आधिकारिक तौर पर तब तक अंतिम रूप नहीं दिए जाते जब तक कि इलेक्टोरल कॉलेज की बैठक नहीं हो जाती। जबकि लोकप्रिय वोट महत्वपूर्ण हैं। यदि किसी भी उम्मीदवार को इलेक्टोरल वोटों (270) का बहुमत प्राप्त नहीं होता है, तो प्रतिनिधि सभा चुनाव का फैसला करती है। जिसमें प्रत्येक राज्य प्रतिनिधिमंडल के पास एक वोट होता है। ऐसी स्थिति अमेरिकी इतिहास में केवल कुछ ही बार आयी है। नव निर्वाचित राष्ट्रपति का उद्घाटन अगले वर्ष 20 जनवरी को उस दिन होगा जिसे उद्घाटन दिवस के रूप में जाना जाता है। इस प्रकिया में आलोचनाएं और विवाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव प्रणाली, विशेष रूप से इलेक्टोरल कॉलेज, को पिछले कुछ वर्षों में आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। आलोचकों का मानना है कि लोकप्रिय वोट और इलेक्टोरल वोट के बीच विसंगतियों के कारण किसी उम्मीदवार के लिए राष्ट्रीय लोकप्रिय वोट जीते बिना राष्ट्रपति पद जीतना संभव है, जैसा कि 2000 और 2016 के चुनावों में हुआ था। इससे कुछ लोगों का तर्क है कि इलेक्टोरल कॉलेज पुराना और अलोकतांत्रिक है। आलोचकों का यह भी तर्क है कि इलेक्टोरल कॉलेज कुछ स्विंग राज्यों को बहुत अधिक शक्ति देता है, जिससे अधिकांश राज्य चुनाव में कम प्रासंगिक हो जाते हैं। यह प्रणाली दो-पक्षीय प्रणाली का बहुत अधिक समर्थन करती है, जिससे तीसरे पक्ष के उम्मीदवारों के लिए चुनावी वोट जीतना या परिणाम को प्रभावित करना मुश्किल हो जाता है। इन आलोचनाओं के बावजूद, इलेक्टोरल कॉलेज अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव प्रणाली की आधारशिला बना हुआ है, और इस प्रक्रिया में किसी भी महत्वपूर्ण बदलाव के लिए संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी।


## प्रदूषण के हालात बता रहे हैं हम प्रकृति से कितनी दूर चले आए हैं

वायु प्रदूषण गुणवत्ता में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिहाज से तीसरे पादान पर खड़ा है। फिलहाल पिछले पांच बार से दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक दिशा-निर्देश के मुताबिक भारत में लगभग 1.3अरब लोग- जो कुल आबादी का लगभग 96ड्डहै, पी एम 2.5 सांद्रता का अनुभव करते हैं। वायु गुणवत्ता के लिहाज से भारत की राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। हालांकि की दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की बात करें तो इसमें बिहार के बेगूसराय शहर का नाम पहले सामने आता है। स्विस संगठन की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में बताया गया है कि- वायु प्रदूषण गुणवत्ता में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिहाज से तीसरे पादान पर खड़ा है। फिलहाल पिछले पांच बार से दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक दिशा-निर्देश के मुताबिक भारत में लगभग 1.3अरब लोग- जो कुल आबादी का लगभग 96ड्डहै, पी एम 2.5 सांद्रता का अनुभव करते हैं। पी एम-पार्टिकुलेट मैटर-वे छोटे-



छोटे कण हैं,जो वायु में मौजूद रहते हैं और जिन्हें हम नग्न आंखों से नहीं देख सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि दिल्ली में रहने वाला प्रत्येक नगरिक विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के लिहाज से सात गुना वायु प्रदूषण का खतरा झेल रहा हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। आमतौर पर दिल्ली के यमुना नदी में सफेद रंग का झाग दीपावली और छठ की पूजा के बाद दिखाई देता था लेकिन दिल्ली में वायु गुणवत्ता में निरंतर गिरावट के साथ -साथ यमुना नदी का बढ़ता प्रदूषण भी अब हर साल खतरनाक साबित हो रहा है। इस साल अप्रैल से यमुना में सफेद झाग दिखाई देने लगा। ऐसी स्थिति आमतौर पर बाढ़ उतरने और जमुना के जलस्तर में कमी की वजह से पैदा होती है। रही बात बढ़ते वायु प्रदूषण की, तो इसकी मुख्य वजह सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या, गाड़ियों के धुएं से निकलने वाली खतरनाक कार्बन 'मोनोऑक्साइड' जैसी गैसें भी हैं। इधर, पड़ोसी राज्यों मसलन हरियाणा और पंजाब के किसानों द्वारा धान और गेहूं की पराली जलाने की वजह से भी हर साल वायु गुणवत्ता की सेहत खराब हो जाती है। केंद्र और राज्य सरकारें हर साल अपनी जवाबदेही एक दूसरे पर डालते हए कुछ समय के लगभग चुप्पी साध लेती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट बताती है कि- वायु प्रदूषण की वजह से पूरी दुनिया में हर साल लगभग 70 लाख लोगों की मौतें होती हैं। अकेले भारत में लगभग 12 लाख लोग हर साल वायु प्रदूषण की वजह से असमय काल के गाल में समा जाते हैं। फिलहाल दिल्ली और एनसीआर के आसपास लोगों को सांस लेने में दिक्कतें महसूस हो रही हैं। सुबह से ही कोहरे की चादर दिल्ली के आसमान में छाने लगती है। हवा की गुणवत्ता लगातार बद से बद्तर होती जा रही है। एक्यूआई 334 तक पहुंच चुका है। गले में खराश आंखों में जलन सांस लेने में तकलीफें और सांस सम्बन्धी कई अन्य बीमारियां दिल्ली वासियों का जीना मुहाल कर रखा है। देश के दिल कहे जाने वाले दिल्ली में देश के कोने से कोने से रोजी-रोटी की तलाश में आ बसें, लाचार-गरीब लोगों को सूझ नहीं रहा है कि- बढ़ती मंहगाई और निरंतर कम होती जा रही आमदनी में अपना पेट काटकर इन बीमारियों का कैसे सामना करें?अब केंद्र और दिल्ली सरकार के दरवाजे पर गुहार लगाने के अलावा दूसरा उपाय क्या है - कभी यमुना दिल्ली के लाल किले की दहलीज तक दस्तक देती थी। आज अपने सूरत-ए-हाल पर रो रही है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि नदियों के तट पर ही भारतीय सभ्यता का सृजन और विस्तार हुआ है। हमारे शरीर के धमनियों में बहने वाले खून की तरह नदियां सृष्टि काल से हमारे जीवन की तारणहार -खेवनहार और जीवनधारा रही हैं।औद्योगिक विकास की मौजूदा प्रणाली हमें इस जीवन धारा से लगातार वंचित और बेदखल कर रही है।

# स्पोर्ट्स










## क्या भारत को पहले टेस्ट में हार से बचाएगी बारिश पांचवें दिन कैसा रहेगा बंगलूरू का मौसम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच जारी पहला टेस्ट मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। मेहमानों को जीत के लिए 107 रनों की जरूरत है जबकि भारत को तीन मैचों की सीरीज में बढ़त बनाने के लिए 10 विकेट चटकाने होंगे। वहीं, इस मुकाबले को ड्रॉ कराने के लिए टीम इंडिया बारिश के लिए दुआएं करेगी बंगलूरू में जारी पहला टेस्ट मुकाबला बारिश से प्रभावित होने के कारण दूसरे दिन शुरू हुआ। चौथे दिन भी बारिश ने खलल डाली और मुकाबले को बीच में रोकना पड़ा। इतना ही नहीं शुक्रवार का खेल बारिश के कारण समय से पहले खत्म कर दिया गया। इस दौरान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अंपायर के फैसले पर नाराजगी भी जताई। अब रोहित शर्मा की सेना को यह मुकाबल जीतने के लिए किसी करिश्मे की जरूरत है। अगर पांचवें दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो जाता है तो यह मुकाबला ड्रॉ घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद दोनों टीमों की नजर सीरीज के अगले दो टेस्ट मुकाबलों पर होगी। वहीं, भारतीय फैंस भी यही चाहेंगे कि रविवार का खेल बारिश के कारण धुल जाएगा। एक्यूवेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, पांचवें दिन मौसम की स्थिति पूरी तरह से खराब रहेगी। मैदान पर बादल छाए रहेंगे और सूरज मुश्किल से




निकलेगा। सुबह नौ और 10 बजे के आसपास आंधी आने की संभावना है, जिसका मतलब है कि खेल की शुरुआत में देरी हो सकती है और फिर दोपहर तीन बजे शुरू हो सकता है। वहीं, तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। हवा की गति नौ किमी प्रति घंटा रहेगी। एम चिननस्वामी स्टेडियम के ग्राउंड-स्टाफ को एक और दिन कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। इस दौरान बारिश की संभावना 80 प्रतिशत जताई गई है। ऐसे में इस मुकाबले के ड्रॉ होने की संभावना अधिक है। शनिवार को सरफराज खान और ऋषभ पंत ने 231/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और भारत का स्कोर 400 रनों के पार पहुंचाया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए कुल 177 रनों की साझेदारी हुई। 81वें ओवर में दूसरी नई गेंद के आने के बाद भारत का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया और 62 रन पर सात विकेट गंवा दिए। इससे पहले टीम का रनरेट पांच का था जबकि 81-99 ओवर के बीच यह 3.18 का ही रह गया। केएल ने 12, जडेजा ने पांच, अश्विन ने 15, कुलदीप ने छहङ रन बनाए जबकि बुमराह और सिराज खाता खोले बिना आउट हुए। कीवियों के लिए हेनरी और रुर्के ने तीन-तीन विकेट चटकाए जबकि एजाज को दो विकेट मिले। वहीं, साउदी और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक विकेट चटकाया।

## न्यूजीलैंड के लिए एक दिन में दोहरी खुशी पहले भारत के खिलाफ ऐतिहासिक जीत फिर विश्व विजेता का सजा ताज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए रविवार का दिन दोहरी खुशी लेकर आया। यह दिन न्यूजीलैंड क्रिकेट के






लिए इतिहास के पननें में दर्ज हो गया। भारत के खिलाफ पुरुष टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की, तो वहीं महिला टीम ने पहली बार महिला टी20 विश्व कप का खिताब जीता। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ ने रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच बंगलूरू टेस्ट के दौरान कमेंट्री करते वक्त कहा था कि यह उनके देश के लिए बड़ा दिन होने वाला है और उनके देश के फैंस को काफी ज्यादा खुशी मिल सकती है। ऐसा ही हुआ भी और अब इसको लेकर न्यूजीलैंड में काफी जशन मनाया जा रहा है। आइए जानते हैं पूरा मामला क्या है न्यूजीलैंड ने बंगलूरू के चिननस्वामी स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट में भारत को आठ विकेट से हरा दिया है। 107 रन के लक्ष्य का पीछा करने में कीवी टीम को काफी परेशानी हुई। शुरुआती सत्र में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने अपनी स्विंग से कीवी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। हालांकि, बल्ले का किनारा लगकर चौके आते रहे और किस्मत ने भी भारतीय गेंदबाजों का साथ नहीं दिया। इसकी वजह से टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में कम स्कोर से भी भारत को नुकसान हुआ। इस जीत के साथ कीवी टीम ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अगला मुकाबला 24 अक्तूबर से पुणे में खेला जाएगा। भारत ने पहली पारी में 46 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी 402 रन पर समाप्त हुई थी। इस तरह कीवी टीम को 356 रन की बढ़त हासिल थी। दूसरी पारी में भारतीय टीम ने 462 रन बनाए और 106 रन की बढ़त हासिल की। जवाब में न्यूजीलैंड ने 107 रन के लक्ष्य को 27.4 ओवर में दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड को जो दो झटके लगे, उनमें पहला विकेट कप्तान टॉम लाथम (0) और दूसरा विकेट डेवोन कॉनवे (17) का रहा। रचिन रवींद्र 39 रन और विल यंग 45 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों के बीच 72 रन की नाबाद साझेदारी हुई।भारत के खिलाफ भारत में न्यूजीलैंड ने तीसरा टेस्ट जीता है। 36 साल बाद कीवी टीम ने भारत में कोई टेस्ट जीता है। इससे पहले 1969 में न्यूजीलैंड ने भारत को ग्राहम डॉलिंग की कप्तानी में नागपुर में 167 रन से हराया था। वहीं, 1988 में वानखेड़े में जॉन राइट की कप्तानी मे न्यूजीलैंड ने भारत रो 136 रन से हराया था। पहली बार कीवी टीम चेज करते हुए जीती है। इसी के साथ भारत के टेस्ट में लगातार जीत का सिलसिला भी टूट गया। भारत ने इस मैच से पहले अपने घर में ही लगातार छह टेस्ट जीते थे। 25 जनवरी को इंग्लैंड ने हैदराबाद में टीम इंडिया को 28 रन से हराया था। इसके बाद भारत ने लगातार छह मैच जीते। अब यह सिलसिला टूट गया है। इतना ही नहीं 24 साल बाद किसी मेहमान टीम ने भारत में 100ह रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया है। पिछली बार ऐसा साल 2000 में हुआ था। तब दक्षिण अफ्रीका ने वानखेड़े में भारत के खिलाफ 164 रन का लक्ष्य हासिल किया था। ऊपर वाले मैच का नतीजा रविवार दोपहर 12 बजकर 20 मिनट के आसपास आ चुका था। इसके 10 घंटे बाद महिला टीम ने भी टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए फाइनल में टीम ने 32 रन से जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन इस पूरे टूर्नामेंट में शानदार रहा था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच गंवाने के बाद टीम ने लगातार चार मैच जीते और विश्व चैंपियन बनी। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टूर्नामेंट में छह मैच खेले और पांच में जीत हासिल की। यह महिला टी20 विश्व कप का नौवां संस्करण था और कीवी टीम पहली बार चैंपियन बनी। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। कीवियों ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में अफ्रीकी टीम नौ विकेट पर 126 रन ही बना सकी। इस तरह न्यूजीलैंड ने अपना पहला खिताब जीत लिया। वहीं, एल वोलवार्ट के नेतृत्व वाली टीम को लगातार दूसरी बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार अपने घरेलू मैदानों में हुए टी20 विश्व कप के फाइनल में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के हाथों 19 रन से हार का सामना करना पड़ा था। कीवियों के लिए रोजमेरी मेयर और अमेलिया केर ने तीन-तीन विकेट चटकाए, जबकि कार्सन, जोनस और हालीडे को एक-एक सफलता मिली। 2009 में इंग्लैंड की टीम विश्व चैंपियन बनी थी।

## राशिफल

**मेष-:** स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है।

**वृष-** सप्ताह आपके लिए मंगलमय रहेगा। आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-:** भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-:** जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें ˙ से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-:** आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-:** आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-:** किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-:** भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-:** भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से विचलित हो सकता है।

**मकर-:** खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अडियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-:** आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है।

**मीन-:** आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़




## पीवी सिंधू का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा, डेनमार्क ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त हुई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। भारतीय स्टार बैडमिंटन 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं।इंडोनेशिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं। अब पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन




खिलाड़ी पीवी सिंधू का सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सिंधू महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। 29 वर्षीय सिंधू करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीय चीन की हान युए को हराकर उलटफेर करने वाली सिंधू दूसरे गेम में बिलकुल बदली हुई नजर आईं और 6-1 से आगे हो गईं।

## अंपायर के इस फैसले पर फूटा रोहित-विराट का गुस्सा, बीच मैच में गरमाया माहौल, कीवियों के छूटे पसीने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बंगलुरू में पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। चौथे दिन भारतीय खिलाडियों की अंपायर से तीखी बहस हो गई। इस दौरान रोहित शर्मा और विराट कोहली अंपायर्स के किसी उन्होंने कीवी खिलाड.ियों को मैदान पर वापस बुलाने की मांग की लेकिन अंपायर्स ने उनकी एक नहीं सुनी। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें रोहित और विराट समेत भारतीय खिलाडियों के चेहरे पर साफ तौर पर गुस्सा




फैसले पर नाराजगी जाहिर करते दिखे। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।एम चिननस्वामी स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में कीवियों ने भारत को 462 रनों पर समेट दिया। इसके बाद जैसे ही न्यूजीलैंड लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाधाएं आना शुरू हो गईं। पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण मैच रोक दिया गया। इसके बाद तेज बारिश आई और चौथे दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया गया। अंपायर ने खराब रोशनी के कारण मैच रोकने के फैसले पर भारतीय खिलाडियों ने नाराजगी जताई। कप्तान रोहित शर्मा और धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली को अंपायर्स से बहस करते देखा गया। झलक रहा है। बता दें कि, चौथे दिन भारत ने अच्छी शुरुआत की। सरफराज खान और ऋषभ पंत के बीच 177 रनों की साझेदारी हुई और स्कोर 400 के पार पहुंचा। इस दौरान सरफराज ने 150 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, पंत 99 रन बनाने में कामयाब हुए। हालांकि, वह अपनी इस पारी को शतक में तब्दील नहीं कर सके। 81वें ओवर में दूसरी नई गेंद ने मैच का रुख पलट दिया। 81-99 ओवर में सिर्फ 62 रन बने और भारत ने सात विकेट गंवाए। हेनरी और रुर्के ने तीन-तीन तथा साउदी ने एक विकेट लेकर भारत को 462 रनों पर समेट दिया। इस तरह भारत ने न्यूजीलैंड को 107 रनों का लक्ष्य थमाया।

## राफेल नडाल को कालीस अल्कारेज के खिलाफ मिली हार, जोकोविच भी आगे बढ़ने में असफल रहे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस टूर्नामेंट में इनामी राशि मिलेगी लेकिन रैंटिंग अंक प्रदान नहीं किए जाएंगे। अब तीसरे स्थान के लिए नडाल और जोकोविच के बीच मुकाबला होगा। यह दोनों कह देंगे। इससे पहले शुक्रवार को सिक्स किंग्स स्लेम में उन्हें हमवतन कालीस अल्कारेज से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि उनका कहना है कि हार के बावजूद वह अपने खेल से संतुष्ट हैं। इस



प्रदर्शनी स्पर्धा के अन्य सेमीफाइनल में जानिक सिनर ने नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-7, 6-4 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट में इनामी राशि मिलेगी लेकिन रैंटिंग अंक प्रदान नहीं किए जाएंगे। अब तीसरे स्थान के लिए नडाल और जोकोविच के बीच प्रतिद्वंद्वियों के बीच अंतिम भिड़ंत होगी। दुनिया के पूर्व नंबर एक स्पेन के राफेल नडाल की निगाह अगले महीने होने वाले डेविस कप पर है। नडाल पहले ही कह चुके हैं कि डेविस कप के बाद वह टेनिस को अलविदा मुकाबला होगा। यह दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच अंतिम भिड़ंत होगी। नडाल और अल्कारेज पेरिस ओलंपिक में युगल में एक साथ खेले थे और डेविस कप में भी वह दोनों स्पेन की टीम में हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे हेड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले ब्रेक लेंगे। साल के 365 दिन में से हेड 330 दिन घर से बाहर रहे हैं और उनका मानना है कि परिवार के विस्तार के साथ उनकी प्राथमिकताएं भी भविष्य में अलग होंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ बिग बैश लीग के



हेड 330 दिन घर से बाहर रहे हैं और उनका मानना है कि परिवार के विस्तार के साथ उनकी प्राथमिकताएं भी भविष्य में अलग होंगी। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले परिवार के साथ समय बिताने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज में नहीं खेलेंगे। हेड दूसरी बार पिता बनने वाले हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने तीन मैचों की वनडे सीरीज और टी20 सीरीज में भाग नहीं लेंगे।एक रिपोर्ट के अनुसार हेड भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले ब्रेक लेंगे। साल के 365 दिन में से लिए एक साल के करार के दौरान हेड ने कहा था, मैं भविष्य में परिवार को ध्यान में रखकर फैसला लूंगा।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज होनी है। दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए हेड की भूमिका अहम होगी क्योंकि हाल के वर्षों में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। हेड ने भारत के खिलाफ पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल में मैच जिताऊ पारी खेली थी।

## द.अफ्रीका को हराकर पहली बार विश्व विजेता बनीं न्यूजीलैंड, तस्वीरों में देखें कैसे टीम ने मनाया जशन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की 32 रनों से ऐतिहासिक जीत के साथ दुनिया को महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का नया विश्व चैंपियन मिल बल्ले से प्रभावित किया, बाद में गेंद से अपनी छाप छोड़ी। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चार चौकों की मदद से 43 रन बनाए और तीन विकेट झटके। इस शानदार प्रदर्शन के




गया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कीवियों ने गत उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को कभी न भूलने वाली शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया महिला टी20 विश्व कप 2024 का नौवां संस्करण न्यूजीलैंड के नाम रहा। ग्रुप चरण में छह अंक और ़0.879 के नेट रनरेट के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली टीम ने इस टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। इससे पहले कीवियों ने 18 अक्तूबर को वेस्टइंडीज को आठ रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। कीवियों ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में अफ्रीकी टीम नौ विकेट पर 126 रन ही बना सकी। इस तरह न्यूजीलैंड ने अपना पहला खिताब जीत लिया। वहीं, लौरा वोलवार्ड्ट के नेतृत्व वाली टीम को लगातार दूसरी बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार अपने घरेलू मैदानों में हुए टी 20 विश्व कप के फाइनल में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के हाथों 19 रन से हार का सामना करना पड़ा था।इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर अमेलिया केर ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट के दौरान 15 विकेट और 135 रन बनाने के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। वह महिला टी20 विश्व कप 2024 में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली गेंदबाज हैंखिताबी मैच में जीत के बाद न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा- एक बार जब मैं ट्रॉफी पर अपना हाथ रख लूंगी, मुझे खुशी मिल जाएगी। मैंने कल रात से ही सपने देखना शुरू कर दिया था कि इस टीम के साथ ट्रॉफी को पकड़ना कैसा लगता है, मैं हमसे आगे नहीं निकलना चाहती थी। इस टीम के साथ काफी समय बिताया। इस टीम के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि हम जानते हैं कि हम पिछले 15, 18, 24 महीनों में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सही दिशा में कदम बढ़ाते रहे, आप गति चाहते हैं और हम लगातार 10 हार के बाद विश्व कप में आए। लेकिन हर कोई शून्य से शुरू करता है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने कहा- हमारा ध्यान खुद को फिर से स्थापित करने पर था। हम जानते थे कि न्यूजीलैंड में अभी भी हमारे पास एक बहुत ही बेहतरीन प्रतिद्वंद्वी है। हां, आज रात हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेल पाए।




## भाजपा सदस्यता अभियान में नोएडा बना नंबर 1

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान पूरे भारत में कई चरणों में 1 सितंबर से शुरू हुआ था। इस अभियान में नोएडा भाजपा टीम ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने उत्साह व अथक परिश्रम के चलते आज पश्चिम उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सदस्य बनाकर पहला स्थान हासिल किया। मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर ने जानकारी दी कि इस उपलब्धि में जिला अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में सभी मंडलों की टीमों ने उत्कृष्ट कार्य किया। भाजपा के जिला महामंत्री एवं सदस्यता अभियान प्रमुख, श्री उमेश त्यागी ने निरंतर प्रयास करते हुए प्रतिदिन अभियान का ऑडिट किया और सभी मंडलों की टीमों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि अधिक से अधिक लोग भाजपा के सदस्य बनें। इस अभियान की सफलता पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिसोदिया ने आधिकारिक घोषणा करते हुए नोएडा भाजपा की पूरी टीम को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की।



## राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव द्वारा अधिकारियों के साथ अनाथालय का किया गया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**लखनऊ ।** अपर्णा यादव उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग द्वारा श्री राम औद्योगिक अनाथालय अलीगंज लखनऊ से स्थानांतरित की गई 33 बालिका व दो नवजात शिशु का हाल-चाल लेने हेतु राजकीय बाल ग्रह बालिका सिंधी खेड़ा पर लखनऊ का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अपर्णा यादव उपाध्यक्ष द्वारा सभी बालिकाओं से बातचीत की गई तथा उन्हें समझाया कि नए स्थान से सामंजस्य स्थापित करने में बालिकाओं को कुछ समय लगेगा तथा संस्था के कर्मचारियों को स्थानांतरित बालिकाओं पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष द्वारा संस्था के अधिकार की कार्यप्रणाली एवं संस्था का वातावरण संतोषजनक पाया गया सूडा के माध्यम से भवन की रंग रोगन का कार्य व जिला होमगार्ड कमांडेंट के माध्यम से 12 महिला होमगार्ड तथा तीन पुरुष एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होमगार्ड उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए उपाध्यक्ष द्वारा संस्था अधीक्षक को बालिकाओं की काउंसलिंग कर उनके घर वापसी करने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी संस्था आधीक्षिका सफलता एवं सूर्यकांत चौरसिया बाल संरक्षण इकाई एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।



## रेबीज से देश में सालाना पांच हजार से अधिक मौतें, 2022-23 में 5% से ज्यादा ने नहीं लगवाए पूरे टीके

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** देश के 18 चिकित्सा संस्थानों के साथ मिलकर आईसीएमआर ने 3.37 लाख से भी ज्यादा लोगों से बातचीत कर निष्कर्ष निकाला है कि भले ही बीते दो दशक में रेबीज का जोखिम कम हुआ है लेकिन अभी भी देश के सभी राज्यों को मिलकर कार्यों में तेजी लाने की जरूरत है क्योंकि साल 2022 से 2023 के बीच आधे से ज्यादा लोगों ने रेबीज का टीकाकरण बीच में ही छोड़ दिया। भारत में हर साल करीब पांच हजार से ज्यादा लोगों की रेबीज संक्रमण से मौत हो जाती है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की ताजा रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। देश के 18 चिकित्सा संस्थानों के साथ मिलकर आईसीएमआर ने 3.37 लाख से भी ज्यादा लोगों से बातचीत कर निष्कर्ष निकाला है कि भले ही बीते दो दशक में रेबीज का जोखिम कम हुआ है लेकिन अभी भी देश के सभी राज्यों को मिलकर कार्यों में तेजी लाने की जरूरत है क्योंकि साल 2022 से 2023 के बीच आधे से ज्यादा लोगों ने रेबीज का टीकाकरण बीच में ही छोड़ दिया। उन्होंने टीका लेने का कोर्स पूरा नहीं किया जबकि 20.5 फीसदी लोगों ने एक भी खुराक नहीं ली।रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 78,807 परिवारों के कुल 3,37,808 लोगों से पूछताछ के बाद मार्च 2022 से अगस्त 2023 के बीच 2,052 लोग मिले जो जानवरों के काटने से जुड़े हैं। इनमें ज्यादातर 76.8 फीसदी को बीते एक साल के दौरान जानवरों ने काटा। आबादी से तुलना करने पर यह पाया कि प्रति एक हजार की आबादी पर जानवरों के काटने की घटनाएं 6.6 फीसदी हैं। अगर पूरे देश की आबादी से इसका आकलन करें तो देश में एक साल के दौरान करीब 91 लाख मामले दर्ज होने चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।